**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-4 का उत्तर-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 4 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सिद्धार्थनगर में जर्जर सड़कों का शीघ्र नवनिर्माण/विशेष मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र, दिनांक 05 जनवरी, 2023 प्राप्त हुआ है? | जी हाँ।<br>1. **"पकड़ी उदयपुर मार्ग के जगमोहिनी से दुमदुमवा होते हुए मुडिला-परसा-कटकी नहर के किनारे पटरी पर सड़क का नव निर्माण"- इस मार्ग में उल्लिखित समस्त बसावटें पूर्व से लेपित मार्गों से जुड़ी हुई हैं। बसावटों को आपस में जोड़ने की योजना अथवा नहर की पटरी पर लेपित मार्ग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की प्रचलित योजना से आच्छादित नहीं है।**<br>2. **"ग्राम महुनानी में डीपीएस स्कूल से नवनीत पाण्डेय के घर से होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुलानी-मंझरिया तक सड़क का नव निर्माण"- इस बिन्दु में उल्लिखित डीपीएस स्कूल, महुलानी-मंझरिया पूर्व से लेपित मार्गों से जुड़े हैं। बसावटों को आपस में जोड़ने का कार्य लोक निर्माण विभाग की प्रचलित योजना से आच्छादित नहीं है।**<br>3. **"फरेन्दा-सिद्धार्थनगर मुख्य मार्ग से सुकरौली-चुरिहारी होते हुए बन्धे का विशेष मरम्मत"- प्रश्नगत मार्ग, जिसकी लम्बाई 6.00 कि0मी0 है, की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।**<br>4. **पकड़ी सुकरौली सम्पर्क मार्ग से ग्राम महुलानी में कल्लू (कहार) के घर तक सड़कों का विशेष मरम्मत का कार्य"- प्रश्नगत मार्ग जिसकी लम्बाई 1.75 कि0मी0 है, की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।**<br>5. **"जोगिया बाँसी मुख्य मार्ग से योग माया मंदिर होते हुए चोरबर-सियरापार-छितरापार उस्का बाजार तक बाँध पर सड़क का नव निर्माण"- इस बिन्दु में उल्लिखित समस्त बसावटें पूर्व से लेपित मार्गों से जुड़ी हुई हैं। बसावटों को आपस में जोड़ने की योजना अथवा बंधे पर लेपित मार्ग का निर्माण कार्य वर्तमान में लोक निर्माण विभाग की प्रचलित योजना से आच्छादित नहीं है।** |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में इंगित सभी जर्जर सड़कों का नवनिर्माण/विशेष मरम्मत का कार्य करा दिया गया है? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो कब तक उक्त ज़र्जर सड़कों का नवनिर्माण/विशेष मरम्मत का कार्य करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |

**बृजेश सिंह**
**राज्य मंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग।**

E-new folder/niam_prashn/question-Ans 1 satra 2021